



### एक नजर में



### बालिकाओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू

**जावर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जावर में बालिकाओं के तीन दिवसीय कौशल विकास एवं कैरियर कउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश कुमार खरे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में कौशल विकास को बढ़ावा देना, बाल विवाहों की रोकथाम के प्रति जागरुकता फैलाना और मेधावी बालिकाओं को प्रोत्साहित करना है. इस अवसर पर कार्यक्रम में मेधावी बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया.



### समाजसेवी राठौर की पुण्यतिथि पर किया रक्तदान

**सीहोर.** स्वर्गीय शंकरलाल राठौर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 15 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया. इस अवसर पर परिजनों ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए इसे मानव जीवन का सबसे बड़ा दान बताया. उन्होंने सभी सक्षम व्यक्तियों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की. सुमित राठौर ने बताया कि ब्लड बैंक के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ. यह आयोजन न केवल एक श्रद्धांजलि थी. बल्कि समाज के प्रति एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बना. स्वर्गीय शंकरलाल राठौर का पूरा जीवन समाज की सेवा और उत्थान के लिए समर्पित रहा. उनकी स्मृति में यह शिविर आयोजित किया गया.




### डीडी कॉन्वेंट के चार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित

**बुधनी.** डीडी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के चार होनहार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. हाल ही में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में डीडी कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों ने फुर्ती, तकनीकी दक्षता और टीम भावना का शानदार परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ. राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में कृष्णा यादव, करण इवने, शिवानी पटेल एवं डिंपल मालवीय शामिल हैं. सभी खिलाड़ी विद्यालय के कोच विकास सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं.



### पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में मना वसंत पंचमी पर्व

**सीहोर.** शुक्रवार को पीएमश्री स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी में उत्साह पूर्वक बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया. इस अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वतीजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सरस्वती वंदना गाई गई. आयोजित कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या डॉ. हेमलता राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति और खासकर विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का बहुत अधिक महत्व है. बिना ज्ञान के मनुष्य का जीवन पशुतुल्य है. हमारे शास्त्रों में ज्ञान की देवी मां सरस्वती को माना गया है, इसलिए विद्यार्थियों को हमेशा माता सरस्वती की आराधना करना चाहिए.



### दिव्यांगजन स्पर्श मेले में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**सीहोर.** राज्य स्तरीय दिव्यांगजन स्पर्श मेले में जिले के अस्थि बाधित दिव्यांग बालक जीत तोनगरे ने मनमोहक आर्गन वादन और दृष्टिबाधित बालिका कशफना ने अपने गीतों की मनमोहक प्रस्तुती दी. इसके साथ ही बालिका हंसिका टिमराई ने अपने डांस की प्रस्तुती दी. इस अवसर पर सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने दिव्यांग बच्चों की इस मनमोहक प्रस्तुति पर बालक जीत और बालिका कशफना को स्वनिधि से 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की.

### बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक कल

**सीहोर.** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की आयोजन आगामी 25 जनवरी को किया जाएग पेंशनर्स एसोसिएशन यूनिट अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, आरएस वर्मा, कोषाध्यक्ष गिरजेश शर्मा ने बताया कि बैठक में पेंशनरधारियों को दी जानी नव सुविधाओं से अवगत कराया जाएगा. उन्होंने बताया कि बैठक का एजेंडा एसोसिएशन के नए सदस्यों का स्वागत, साइबर ठगी पर जानकारी उपलब्ध कराना, नवीन जानकारी के अलावा आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुतिकरण, वार्षिक सहयोग राशि आदि पर चर्चा की जाएगी.

# कॉलेज के सामने रफ्तार का कहर, दो की मौत

## आष्टा के शासकीय कॉलेज के समीप शुक्रवार की शाम हुआ लोमहर्षक हादसा, तेज रफ्तार थीबाइक

- घटनास्थल पर ही दोनों ने तोड़ दिया था दम
- एक युवक की पहचान देर शाम तक नहीं हो सकी थी

नवभारत न्यूज

**सीहोर/आष्टा 23 जनवरी. आष्टा में शुक्रवार की शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया. नगर के व्यस्ततम कॉलेज चौराहे के सामने तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइक सवार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी. दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद की कोशिश की, लेकिन जब तक एम्बुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची, दोनों युवकों की सांसें थम चुकी थीं.**

पुलिस के अनुसार कासमपुरा निवासी 24 वर्षीय निलेश पिता मुकेश मालवीय अपनी बाइक से आष्टा-कन्नौद रोड पर जा रहा था. मुखर्जी ग्राउंड के सामने दूसरी



**आष्टा.** कॉलेज के सामने दो बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी.

बाइक से टक्कर हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि एक का शव उछलकर 150 फीट दूर जा गिरा और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. इस हादसे में निलेश व दूसरी बाइक पर सवार अज्ञात व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को पीएम के लिए शासकीय आष्टा सिविल अस्पताल भिजवाया. हादसे की जानकारी मिलने के बाद निलेश के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन दूसरे मृतक की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी. परिवहन विभाग की वेबसाईट सर्च करने पर बाइक सिद्दिकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खेरनिया निवासी की बताई जा रही थी. आष्टा पुलिस ने जब वहां संपर्क किया तो बाइक के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली, लेकिन देर शाम दूसरे मृतक के बारे में भी पता चल गया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरा मृतक जिले के थाना इछावर अंतर्गत आने वाले ग्राम हाल्याखेड़ी निवासी अनार सिंह बताया जा रहा है. पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है वह भी आष्टा रवाना हो चुके हैं.

### दोनों बाइक चालक नहीं पहने थे हेलमेट

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी. दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए. दोनों बाइक सवार मृतक व्यक्ति बिना हेलमेट पहने गाड़ी चला रहे थे और दूसरा उनकी बाइक की गति भी तेज थी. घटना का पता चलते ही लोगों की भीड़ लग गई थी. इससे कुछ देर आष्टा-कन्नौद रोड से आवाजाही प्रभावित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. पुलिस ने सडक़ पर खड़े लोगों को अलग किया, तब कही जाकर आवागमन सुचारू चालू हो सका. आष्टा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है. पुलिस अब पता कर रही है कि हादसे की असली वजह आखिर क्या रही.

### पूर्व के हादसों से जिम्मेदारों ने नहीं लिया सबक

स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलेज के सामने शाम के समय भारी भीड़ और तेज रफ्तार वाहनों का दबाव रहता है. इसके बावजूद न तो स्पीड ब्रेकर हैं और न ही ट्रैफिक पुलिस की स्थायी व्यवस्था. इससे पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने कभी सबक नहीं लिया. हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है. इस लोमहर्षक हादसे से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा है. एक बार फिर लापरवाह यातायात व्यवस्था और बेलगाम रफ्तार ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### रात भर चली पुलिस की कॉम्बिंग गश्त



**सीहोर.** बीती रात जिले भर के थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से कांम्बिंग गश्त करते हुए कई वारंटियों की गिरफ्तारी की गई तो गुंडे- बदमाशों को चैक किया गया. काम्बिंग गश्त सुबह पांच बजे तक जारी रही. पुलिस कप्तान दीपक कुमार शुक्ला के दिए गए निर्देशों के आधार पर पुलिस ने 142 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया. इनमें 54 स्थायी वारंटी एवं 88 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं. भैरूंदा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को भी पकड़ा, जबकि थाना मंडी पुलिस ने आईटी एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को पकड़ा है. इसके अलावा 127 चिन्हित अपराधियों की सघन चैकिंग की गई. जिसमें निगरानी बदमाश एवं गुंडे शामिल हैं. कॉम्बिंग गश्त से पूर्व सभी थानों की टीमों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया था. पुलिस कप्तान ने थाना अहमदपुर और दोराहा और एएसपी सुनीता रावत ने कोतवाली और बिलकीसगंज में ब्रीफ किया.

### जांगिड़ समाज ने राय को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** जांगिड़ ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने समाज के बहुप्रतीक्षित विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला निर्माण कार्य के लिए अध्यक्ष अनोखी लाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में विधायक सुदेश राय को सौंपा गया. ज्ञापन में बताया कि जांगिड़ ब्राह्मण समाज पिछड़ा व आर्थिक रूप से कमजोर है. अब तक कोई धार्मिक स्थल या धर्मशाला नहीं है, जिससे धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा सके. विधायक श्री राय ने अपने प्रति उत्तर में समाज के प्रतिनिधि मंडल को विधायक निधि से सहयोग का आश्वासन दिया. विधायक को ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के रामगोपाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, मोहन विश्वकर्मा, बाला प्रसाद विश्वकर्मा, प्रदुम्न विश्वकर्मा सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे.

## योजनाओं का लाभ हितग्राही को मिले

- कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली
- लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 जनवरी.** कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, मत्स्य, मार्कफेड एवं पशुपालन की गतिविधियों एवं कार्यप्रगति की गहन समीक्षा की.

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत की जाए और योजनाओं का क्रियान्वयन केवल




कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव सीधे किसानों और आमजन के जीवन में दिखाई दे.

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान रबी वर्ष में बीज एवं उर्वरक व्यवस्था, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की गई. बैठक में बताया गया कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान, कृषि रथ, पंपलेट वितरण एवं अनुदान पर हेप्पी सीडर व सुपर सीडर जैसे यंत्र उपलब्ध कराए गए. इसी तरह प्राकृतिक खेती के तहत 25 क्लस्टरों का गठन कर 3125 किसानों का चयन किया गया तथा 17 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से जीवामृत, जैविक आदानों एवं प्रशिक्षण की सुविधा जिले के किसानों को मिल रही है.

## भगवान के भक्त को मौत नहीं मोक्ष मिलता

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 जनवरी.** राजा परिक्षित की मृत्यु सात दिनों में निश्चित थी भागवत कथा भी सात दिनों में निश्चित है सप्ताह में भी सात दिन होते है. सबकी मृत्यु सात दिनों में ही निश्चित है आठवां दिन नहीं होता है इस लिए प्रभू की भक्ति मेंइतना मजबूत बना लो कि भगवान भक्त की इच्छा पूरी करने के लिए विवश हो जाए,उक्त उद्गार शुक्रवार को भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने व्यक्त किए.

हनुमान फाटक मंदिर कस्बा परिसर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास गादी से महाभारत प्रसंग, परिक्षित जन्म एवं शुकदेव आगमन प्रसंग सुनाते हुए पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि प्रभू में किसी भी प्रकार से निष्ठा कम नहीं होनी चाहिए निष्ठा अगर कम हुई तो प्रभू नहीं मिलेंगे। नेमिशारण वन में 28 हजार संत निवास करते है इस लिए यह प्रभू संतों के लिए प्रगट होते हैं. संतों की सेवा का अवसर भगवान भी प्राप्त करने के लिए प्रयासरत होते है। उन्होने कहा कि भगवान के प्रसाद को लेकर भ्रम में नहीं रहना चाहिए उपवास में भी सभी देवी देवताओं का प्रसाद ग्रहण करना चाहिए ब्राहम्मा विष्णू महेश एक है इन में कोई अंतर नहीं है सब जग के पालनहार है। नारायण जी का भजन करलो रामजी या शिवजी का यह एकाकार है.पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि मनोरथ पूरा करने के लिए भगवान में श्रद्धा जगानी होती है जब तक श्रद्धा नही होगी कुछ नहीं मिलेगा. प्रभू को बनावटी सजावटी भक्ति पसंद नहीं है. प्रभू को सरलता प्रेम समर्पण प्रिय हैङ पितरों को श्रद्धा से दिया गया जल शीघ्र प्राप्त होता है. जबकि अश्रद्धा दिखावटी प्रेम पितरों को परलोक में कष्ट ही देता है. इसलिए भक्ति भाव से भजन करते तर्पण करना चाहिए.

### कैम्ब्रिज विद्यालय में मना वसंत पंचमी पर्व

नवभारत न्यूज

**बुधनी 23 जनवरी.** कैम्ब्रिज विद्यालय में आज बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर राजेश यादव एवं प्राचार्य पुष्पा यादव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया. इसके पश्चात समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने विधिवत रूप से माता सरस्वती की आराधना की. विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया. नृत्य प्रस्तुति को सभी ने सराहा. इस अवसर पर



डायरेक्टर राजेश यादव ने बसंत पंचमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माता सरस्वती के जीवन संदेशों की जानकारी दी. उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी.

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रसाद वितरित किया गया. बसंत पंचमी की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

### बोस की जयंती पर हुए कॉलेज में कार्यक्रम

**सीहोर.** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. डॉ. सिद्धनाथ खजूरिया ने वसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व के बारे में बताते हुए विद्या, विवेक और संस्कार की भारतीय अवधारणा को विशेष रूप से रेखांकित किया.प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, राष्ट्रभक्ति, त्याग एवं साहसपूर्ण नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया. इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा वसंत पंचमी विषय पर प्रभावशाली भाषण दिए गए तथा लोकगीतों की प्रस्तुति भी दी गई.

## कथा के साथ होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

- खेड़ापति हनुमान मंदिर से शुरू हुआ ध्वजारोहण चल समारोह
- बस स्टैंड के हनुमान मंदिर में अप्रैल में होगी प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 जनवरी.** शहर के बस स्टैंड में करोड़ों की सहयोग राशि से हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है. सप्तऋषियों के अलावा भगवान राम का दरबार, भगवान शिव और हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान होगी.

शुक्रवार को बसंत पंचमी पर बढ़ियाखेड़ी स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से भव्य ध्वजारोहण चल समारोह निकाला गया. इसके पश्चात बस स्टैंड स्थित मंदिर के समक्ष आगामी 19 अप्रैल को होने जा रहे महोत्सव को लेकर जयंती



कालोनी में ध्वजारोहण किया गया. इस मौके पर मंदिर में समिति के संरक्षक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने कहाकि सनातन धर्म को जोड़ने के लिए संगठित किया जा रहा है. शहर के मध्य हनुमान मंदिर का निर्माण इस उद्देश्य से किया जा रहा है. इसमें समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा आदि का असीम सहयोग है. ध्वजारोहण कार्यक्रम में महामंडलेश्वर मठ मंदिर समिति के अनिलानंद महाराज, नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे, पंडित दीपक शास्त्री विदिशा आदि बड़ी संख्या में विप्रजन और क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित थे.

**सामूहिक विवाह** — इछावर में 200 जोड़ों का सामूहिक कन्या विवाह व निकाह संपन्न

## समाज के हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

नवभारत न्यूज

**इछावर 23 जनवरी.** नगर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए.

उन्होंने नवदंपतियों को भावी दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया. सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में कुल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 173 जोड़ों का विवाह तथा 27 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ. समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे.

इस मौके पर राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के साथ-साथ जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का पक्का मकान का सपना साकार हो रहा है तथा पात्र परिवारों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है.

मंत्री वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से नागरिकों को अच्छे अस्पतालों में नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है. महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना चलाई जा रही है. उन्होंने कहा कि समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है, जिसे सरकार की योजना का लाभ न मिल रहा हो.

शासन की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं. कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलू शंकर जायसवाल उपस्थित थे.

### गौ माता की पूजन कर कांग्रेस ने मनाया पर्व

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 जनवरी.** वसंत पंचमी पर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा भोपाल नाके पर आयोजन किया गया.

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, तुलसी राठौर, तनिष्क त्यागी, गजराज परमार सहित कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने गौमाता का तिलक लगाकर और पुष्प मालाएं पहनाकर भव्य श्रृंगार किया गया तथा गुड़, लापसी और हरा चारा खिलाकर जनमानस के लिए सुख-समृद्धि की कामना की. इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं शहर



ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव द्वारा गौ-माता की पूजन अर्चन किया गया. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ-आरती की गई. इस मौके पर घनश्याम यादव ने कहा कि बसंत पंचमी न केवल ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना का पर्व है, बल्कि हमारी संस्कृति में कामधेनु स्वरूप गौमाता की सेवा का भी विशेष महत्व है. राजीव गुजराती ने शासन से मांग की है कि गौ-वध को रोका जाए एवं गौ-माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए.